**राजस्थान सरकार**
**वित्त (आबकारी) विभाग**

क्रमांक प.4(5)वित्त/आब/2022 जयपुर, दिनांक :25 दिसम्बर, 2024

**आदेश**

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम (प्रति संलग्न) में उल्लेखित राज्य के नगरीय निकायों में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उप चुनाव दिसम्बर, 2024–जनवरी, 2025 के लिये मतदान दिनांक 09.01.2025 को करवाये जाने के निर्देश जारी किये गये है।

अतः संबंधित नगर निकाय के निर्वाचन क्षेत्रों एवं उससे लगते हुये 5 किलोमीटर परिधीय क्षेत्रों में राज्यपाल महोदय द्वारा मतदान समाप्ति पर पूर्ण होने वाली 48 घंटों की अवधि अर्थात **दिनांक 07.01.2025 को सांय 05.00 बजे से दिनांक 09.01.2025 को सांय 05.00 बजे तक सूखा दिवस** घोषित किया जाता है।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

आज्ञा से,

Sd/-
**(जसवंत सिंह)**
**संयुक्त शासन सचिव**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान, जयपुर।
2. सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान, जयपुर को पत्र क्रमांक प.4(2)(2)नपा/रानिआ/2024/3811 दिनांक 19.12.2024 के संदर्भ में।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर ।
4. निजी सचिव, शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
5. आयुक्त, आबकारी विभाग, राजस्थान, उदयपुर को प्रेषित कर अनुरोध है कि कृपया संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान करें कि मदिरा की बिक्री, व्यक्तियों द्वारा संग्रहण तथा वितरण से संबंधित मद्य निषेध नियमों व आदेशों/निर्देशों की सख्ती से पालना करें।
6. निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, जयपुर।
7. तकनीकी निदेशक, (कम्प्यूटर सैल) वित्त विभाग।
8. जिला कलेक्टर (बांसवाडा/चित्तौडगढ/दौसा/हनुमानगढ/जयपुर/झालावाड/जोधपुर ग्रामीण/सवाई माधोपुर/सीकर)।
9. अतिरिक्त आबकारी आयुक्त ................................।
10. जिला आबकारी अधिकारी संबंधित।
11. रक्षित पत्रावली।

**संयुक्त शासन सचिव**

# राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

(द्वितीय तल, विकास खण्ड, सचिवालय, जयपुर–302005)
(Email- secraj@rajasthan.gov.in एवंPh. 0141-2227280, 2227072, 2227407)

क्रमांक:एफ.4(2)(2)नपा / रानिआ / 2024 / 3811 दिनांक:– 19/12/2024.

वित्त (आबकारी) विभाग
शासन सचिवालय, जयपुर
डायरी क्रमांक 2511
दिनांक 19/11/2024

अतिरिक्त मुख्य सचिव,
वित्त (आबकारी) विभाग,
राजस्थान सरकार, जयपुर।

विषयः– नगरीय निकायों के उप चुनाव माह दिसम्बर, 2024–जनवरी, 2025 – चुनाव कार्यक्रम की घोषणा।

महोदय,

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य के नगरीय निकायों में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उपचुनाव कराने हेतु चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। घोषित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की लोकसूचना दिनांक 26.12.2024 को जारी होगी एवं मतदान दिनांक 09.01.2025 को होगा। रिक्त पदों की सूची एवं उपचुनाव हेतु कार्यक्रम पत्र के साथ संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि मतदान दिवस पर मतदान की समाप्ति पर समाप्त होने वाली 48 घन्टे की कालावधि अर्थात **दिनांक 07.01.2025 को सांय 5.00 बजे से दिनांक 09.01.2025 को सांय 5.00 बजे तक के** लिए संलग्न सूची के अनुसार संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों एवं उससे लगते हुए 5 कि.मी. परिधीय क्षेत्र में सूखा दिवस घोषित करवाने की व्यवस्था करवायें।

संलग्नः– उपचुनाव कार्यक्रम एवं रिक्त पदों की सूची।

SAO(E)

19/12/2024

भवदीया,

(नलिनी कठोतिया)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
एवं सचिव

क्रमांक:एफ.4(2)(2)नपा / रानिआ / 2024 / 3812 दिनांक:– 19/12/24.

1. प्रतिलिपि जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ, दौसा, हनुमानगढ़, जयपुर, झालावाड़, जोधपुर ग्रामीण, सवाई माधोपुर एवं सीकर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

20/12/24

(अम्बा लाल मीणा)
उपसचिव

D:\NAGAPALIKA\00 NP\0 NP Main folder\By Election 2018-2020\F4(2)(2) NP SEC 2024_bye-election , 2024.doc
23

परिशिष्ट–'अ'

# राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

**नगरीय निकायों में दिनांक 31.08.2024 तक के रिक्त पदों पर उपचुनाव माह दिसम्बर, 2024–जनवरी, 2025**

## उप चुनाव हेतु रिक्त पदों की सूची

| क्र. सं. | जिले का नाम | क्र. स. | नगरनिगम / नगरपरिषद / नगर पालिका का नाम | रिक्त वार्ड सं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बांसवाड़ा | 1. | न.पा. कुशलगढ़ | अध्यक्ष / 17 |
| 2. | चित्तौड़गढ़ | 2. | न.पा. कपासन | 17 |
| 3. | दौसा | 3. | न.प. दौसा | 17 |
| 4. | हनुमानगढ़ | 4. | न.पा. पीलीबंगा | अध्यक्ष |
| 5. | जयपुर | 5. | न.पा. फुलेरा | 18 |
| 6. | झालावाड़ | 6. | न.प. झालावाड़ | 13 |
| 7. | जोधपुर ग्रामीण | 7. | न.पा. पीपाड़ शहर | 30 |
| 8. | सवाई माधोपुर | 8. | न.प. सवाई माधोपुर | 55 |
| 9. | सीकर | 9. | न.पा. रींगस | अध्यक्ष / 12 |

# राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

नगरीय निकायों में दिनांक 31.08.2024 तक के रिक्त
पदों पर उपचुनाव माह दिसम्बर, 2024–जनवरी, 2025
उप चुनाव कार्यक्रम

➢ सदस्य पद के लिए

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | लोक सूचना जारी करने की तिथि | 26.12.2024 (गुरूवार) |
| 2. | नामांकन पत्रों को प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 30.12.2024 (सोमवार)<br>प्रातः 10.30 से अपराह्न 3.00 बजे तक<br>(दिनांक 28.12.2024 एवं 29.12.2024 को छोडकर) |
| 3. | नामांकन पत्रों की संवीक्षा की तिथि | 31.12.2024 (मंगलवार)<br>प्रातः 10:30 बजे से |
| 4. | अभ्यर्थिता वापिस लेने की तिथि | 02.01.2025 (गुरूवार)<br>अपराह्न 3.00 बजे तक |
| 5. | चुनाव चिन्हों का आवंटन | 03.01.2025 (शुक्रवार) |
| 6. | मतदान की तिथि एवं समय | 09.01.2025 (गुरूवार)<br>प्रातः 08.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 7. | मतगणना की तिथि एवं समय | 10.01.2025 (शुक्रवार)<br>प्रातः 9.00 बजे से |

➢ अध्यक्षीय पदों के लिए

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | लोक सूचना जारी करने की तिथि | 13.01.2025 (सोमवार) |
| 2. | नामांकन पत्रों को प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 14.01.2025 (मंगलवार)<br>प्रातः 10.30 से अपराह्न 3.00 बजे तक |
| 3. | नामांकन पत्रों की संवीक्षा की तिथि | 15.01.2025 (बुधवार)<br>प्रातः 10:30 बजे से |
| 4. | अभ्यर्थिता वापिस लेने की तिथि | 16.01.2025 (गुरूवार)<br>अपराह्न 3.00 बजे तक |
| 5. | चुनाव चिन्हों का आवंटन | 16.01.2025 (गुरूवार)<br>(अभ्यर्थिता वापिस लेने के समय समाप्ति के तुरन्त पश्चात्) |
| 6. | मतदान की तिथि एवं समय | 20.01.2025 (सोमवार)<br>प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक |
| 7. | मतगणना की तिथि एवं समय | 20.01.2025 (सोमवार)<br>मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात् |